कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
''हर घर तिरंगा–घर–घर तिरंगा'' अभियान

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा'' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह आजादी हमें कठिन संघर्षो एवं शहीदों की कुर्बानियों से प्राप्त हुई है। तिरंगा देशभक्ति का प्रतीक है वह आन–बान–शान का प्रतीक है। हमें इसका सम्मान करना चाहिए, इस तिरंगे की रक्षा करनी चाहिए।

''नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने तिरंगे के इतिहास के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि पिंगलि वैंकया द्वारा कल्पित यह तिरंगा 22 जुलाई 1947 को अंगीकृत किया गया उन्होनें तिरंगे की डिजाईन में हुए परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए सिस्टर निवेदिता, रवीन्द्रकुमार बोस एवं भीकाजी कामा द्वारा बनाए गए झंडे की आकृतियों में परिवर्तन की जानकारी दी।

हिन्दी विभाग की श्रीमती ज्योति भरणे ने तिरंगे के तीनों रंगों का महत्व बताते हुए कहा कि केसरिया रंग ऊर्जा एवं शक्ति की प्रतीक है, सफेद रंग शांति का प्रतीक है और हरा रंग समृद्धि तथा अशोक चक्र निरन्तर कर्म करने का प्रतीक है। अतः हम सबको तिरंगे के तीनों रंगों से प्रेरणा लेते हुए देशहित में सदैव कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर रिया बारले, पूजा चेलक, लक्ष्मी साहू, ढालेश्वरी, खुशबू हरमुख ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का संचालन हर्षिता साहू ने व आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. मोनिया राकेश सिंग, डॉ. मुक्ता बाखला एवं विमल यादव तथा रासेयो की छात्राएँ उपस्थित रही।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में

"हर घर तिरंगा–घर–घर तिरंगा"